[Shrimati Mamida Habibullah]

every grain of surplus which the producers wish to sell. A price should be so fixed that the cost of modern cultivation is ensured leaving enough per acre of production for the peasant to be able to improve and maintain his technique.

Napoleon once said that "an army marches on its stomach". What we should realise is that a nation lives on its stomach. Therefore, it is important that by cutting out the middlemen, the nation should be not only the collector but the distributor of its own food. Societies and groups of producers drawn from the rural peasantry and their close city associates should be in charge of the distribution system through popular public agencies. If an army has to live on its stomach, is it not logical that the people of our country should not have to look over their shoulders for food but that the food should come forward to them wherever they are ? This should be the guiding principle of the distribution system.

Every mohalia and every village should have food easily supplied to them,, food that has been collected through block, city and district centres. It should constitute both fresh rations and cereals which have been well stored in good store-houses and cold storages.

To summarise then, the means of production should be made available to every peasant at the cheapest and easiest rates. His produce should be collected and distributed by agencies of the people and not purely of officials.

The cost of electricity, water, fertilizer and seed should be kept at the minimum, as near as possible to the level of no profit and no loss. Only thus can we serve the people and fulfill the spirit of the 20-point programme.

Only yesterday our Prime Minister has again stated quite clearly that there must be a proper balance In the implementation of the 20-point programme. The imbalances in our rural economy have been mainly responsible for our imbalance between city and village leading to the poverty of the peasantry and the over-prosperity of the entrepreneurs.

Sir, I am quite confident that In the present atmosphere of hope and the cooperative mood of the people, if our competent and far-sighted Government could bring about a complete transformation not only in the agricultural pattern hut in the cost of inputs, collection and distribution, with broad participation of the people and bring about a change from top to bottom in depth, then there is every indication lhat by changing the pattern of village economy, we can achieve our cherished goal of *garibi hatao.* Therefore, while supporting this Resolution, I would like to conclude by saying in all humility and with a note of courage :

"मुद्दत से जो सोचा करते थे अब वोह भी
जमाना आएगा
हर मुशकिल अब आसां होगी हर नक्शे
कोहन मिट जाएगा
अब कोई नया फ़ितना हरगिज़ तस्नीफ
न होने पाएगा ।"

Once again, 1 thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : The House stands adjourned till 2.45 P.M.

The House then adjourned for lunch at six minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at forty-seven minutes past two of the clock, Mr. Deputy Chairman in the Chair.

RESOLUTION RE. ENSURING REMUNERATIVE PRICES FOR AGRICULTURAL PRODUCE AND MAINTAINING PARITY IN PRICES BETWEEN AGRICULTURAL PRODUCE AND INDUSTRIAL GOODS— *Contd.*

श्री नत्थीसिंह (राजस्थान) : उपसभापति महोदय, सिंह साहब ने जो यह प्रस्ताव रखा है वह सामयिक है । मैं समझता हूं शिन्दे साहब को अब तक इस सदन का और दूसरे सदन का मानस ज्ञात हो चुका है । इस सदन में इस प्रकार का प्रस्ताव पिछली बार भी आया था । तब भी एक स्वर से यह मांग की गयी थी कि हमारे देश का जो प्रमुख धन्धा है खेती उसको हम लाभ का धन्धा बनायें, आज जो वह एक अनइकानामिक प्रोफेशन के रूप में है उसमें न रहने दें । इस सदन में जो बात कही जाती है उस पर निश्चित रूप से ज्यादा ध्यान देने की आवयश्कता है । आज भी जब हम यह चर्चा करते हैं कि खेती के मूल्यों का लागत के साथ और मुनाफ के साथ सम्बन्ध होना चाहिए तो इस बात को गम्भीरता से नहीं लिया जाता । आज हम इस देश की तरक्की चाहते हैं, लोगों के रहन-सहन का स्तर बढ़ाना चाहते हैं तो निश्चित रूप से हमें इस बात पर ध्यान देना पड़ेगा । खेती पर जो 80 प्रतिशत से ज्यादा

लोग निर्भर हैं उनकी आमदनी बढ़ाने की आज जरूरत है । माननीय उपसभापति महोदय, जो 6 एकड़ से नीचे का काश्तकार है उसको तो अनइकानामिक होल्डिंग वाला मानते हैं । लेकिन आज जिनके पास ज्यादा जमीन है उनकी हालत भी क्या है ? उस तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । पिछली बार इस सदन में जब आर्थिक समीक्षा प्रस्तुत हुई थी और उस पर विचार हुआ था तो एक बात बहुत जोर से कही गयी थी कि हम देश में सारी कीमतों को कम ला सके हैं, लेकिन आर्थिक समीक्षा में यह माना गया था कि जो भी भाव गिरे हैं और जो भाव कम हुए हैं उनमें मुख्य बात यह है कि कृषि-उत्पादित वस्तुओं के भाव सबसे ज्यादा नीचे गिरे हैं, कारखानों में बनने वाली चीजों के दाम नीचे नहीं गिरे हैं । यह इसलिए हुआ कि हमने खेती के सम्बन्ध में कभी इस बात पर जोर नहीं दिया कि उसके लागत मूल्य को सही रूप से फैलायें । आज हमारा कृषि मूल्य आयोग है, अब उसमें एक किसान प्रतिनिधि भी है, लेकिन पिछली बार उसमें कोई किसानों का प्रतिनिधि नहीं था । और उसके आधार पर मेरा इस संबंध में निवेदन है कि इस प्रथा को बदला जाय और मंत्री जी से मैं कहूंगा कि आपके जितने कृषि फार्म्स हैं कि जिन को कृषि विभाग चलाता है वहां देखा जाय कि पैदावार की लागत कितनी आती है । जो कृषि यूनिवर्सिटियां हैं उनके फार्म्स पर लागत क्या आती है उत्पादन की और उस के आधार पर आप तय करें कि किसानों को क्या दाम उनकी उपज का दिया जाना चाहिए । आज जिस बात की ओर मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं वह यह है कि यह बहुत कहा जाता है कि हम ने किसानों के लिये डैम्स बनाये हैं, लेकिन उन की लागत का खर्च भी पूरा नहीं आ पाता और इसलिये बिजली के और इरिगेशन के रेट्स बढ़ाने की बात कही जा रही है । लेकिन क्या यह सही नहीं है कि भाखड़ा या दूसरे बांधों से पूरी तरह से सिंचाई नहीं हो पाती और उसके द्वारा पैदा की हुई बिजली को कंसेशनल रेट्स पर इंडस्ट्रीज को दिया जाता है । मैं मानता हूं कि इस देश के विकास के लिये खेती का उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ औद्योगिक उत्पादन भी बढ़ना चाहिए और यहां के विकास के लिये दोनों ही बहुत जरूरी हैं लेकिन इस के साथ साथ यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कौन सा काम हम ऐसा करें कि जो हमारे देश का मुख्य धंधा है उस में लगे हुए लोग यह न महसूस करें कि हम तो एक नुकसान के धंधे में लगे हुए हैं । क्या यह बात ठीक नहीं है कि जब हम कभी मूल्य स्थिर करते हैं किसी चीज का और यह बात कई बार उठायी गयी है—तो वह मूल्य निर्धारण किसानों की बुवाई के पहले होना चाहिए । हमेशा कहा जाता है कि दामों की घोषणा बोवाई के पहले नहीं, कटाई के पहले करेंगे । यह खतरा बताया जाता है और कृषि मंत्रालय कहता है कि और हम ने बोवाई के पहले दामों की घोषणा कर दी तो हो सकता है कि किसान उन जिन्सों को बोये ही नहीं । इस का मतलब यह है कि किसान को आप बेगारी बना कर रखना चाहते हैं, चाहते हैं कि वह अपने हित का काम न कर सके । हमारी नीति साफ होनी चाहिए कि किसान को कैश काप या खाद्यान्न, इन दोनों में से किस को ज्यादा पैदा करना है । और इन दोनों के भाव सही तौर पर पहले ही तय होने चाहिए ।

आज मैं दो, तीन बातों की तरफ आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं । हम इनपुट्स की बात करते हैं, कर्ज की बात करते हैं । यह बात सही है कि आज किसान को कोआपरेटिव्ज की मार्फत, कमर्शियल बैंक्स की मार्फत या रूरल बैंक्स की मार्फत कर्ज दिया जाता है अपने इनपुट्स के लिये और उस पर साढ़े 13 से 14 परसेंट तक ब्याज लिया जाता है । इस से कम ब्याज नहीं लिया जाता, लेकिन जो लोन इंडस्ट्रीज के विकास के लिये, उद्योग धंधों के विकास के लिये फाइनेंस कारपोरेशन देते हैं वह चार से 6 परसेंट तक दिया जाता है । मैं इस बात को जानता हूं कि जब मैं इस बात को कहूंगा तो मंत्री जी जवाब में बतायेंगे कि फाइनें-

शियल इंस्टीट्यूशन्स इस कर्ज को देते हैं । क्यों नहीं राज्य आगे आता इस बात में और कहता है कि हम जो कर्ज किसान को देते हैं उस के इंटरेस्ट को सब्सीडाइज करने के लिये कोई योजना बनायेंगे । अगर ऐसा होगा तो उस के साथ एक बात यह उठेगी कि अगर इस तरह की किसी सब्सीडी की बात चली तो देश में मुद्रा स्फीति बढ़ जायगी । मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जब आप रेफ्रिजिरेटर पर कंसेशन देते हैं तो मुद्रा स्फीति नहीं होती, जब दूसरी किन्हीं चीजों पर कंसेशन देते हैं तो मुद्रा स्फीति नहीं होती, जो हमारी सुख सुविधा की चीजें हैं, जो हमारे लग्जरी के सामान हैं, जो आशायस के सामान हैं उन पर कंसेशन देने से मुद्रा स्फीति नहीं होती, उस समय कहा जाता है कि हम यह कंसेशन इसलिये दे रहे हैं ताकि इंडस्ट्री सफर न करे, लेकिन जब ट्रैक्टर का दाम घटा दिया जाता है या उस पर एक्साइज ड्यूटी कम कर दी जाती है तो इंफ्लेशन की बात सामने आ जाती है । यह इंफ्लेशन की बात नहीं है, यह हमारे सोच की कमी है और सोच यह है कि अभी तक हम यह मान कर चले आ रहे है कि किसान अभी तक इतना संगठित नहीं है कि वह अपनी बात को तेजी से और जल्दी मनवा सके । यह स्थिति क्या हम लाना चाहते हैं कि किसान भी उसी तरह से ट्रेड यूनियन्स के शिकार हों और ट्रेड यूनियनें किस तरह के तरीके इस्तेमाल करती हैं, यह तो आप सब को मालूम है । लेकिन किसान देश भक्त है, वह भूमि पर हल चलाता है और पैदा करता है । हमें उस को उस की उपज के सही दाम देने चाहिएं । अभी आप ने गेहूं 105 रुपये में खरीदना तय किया था । मंत्री जी से मैंने इस बारे में सवाल पूछा था कि कितने लोगों का अनाज आप ने 105 रुपये में खरीद किया है । मुझे मालूम हुआ कि जौ का भाव 14 रुपये मन तक गया था । 65 रुपये क्विंटल उस का भाव रखा गया था । हमारे इलाकों में 50 और 45 रुपये तक उस समय जौ बिका था । मैंने इसी सदन में सवाल उठाया था और मैंने चिट्ठी भी लिखी थी । उपसभापति महोदय, चिट्ठी का जवाब तो मुझे मिला कृषि मंत्रालय से । मैं उस बारे में क्या कहूं, मजबूरी है, हंसी भी आती है और दुःख भी होता है । उस का जवाब था कि हम ने आप की चिट्ठी की जांच कर ली है और मंडियों में जौ का भाव 65 रुपये क्विंटल से नीचा ऊंचा नहीं था । बेचने वाला किसान तो रो रहा है कि हमारा 45 रु० में बिक रहा है, लेकिन कृषि मंत्री जी ने कहा कि भाव तो 65 रुपये से ज्यादा था । आपने किसानों से भी खरीदा; 65 में खरीदा नहीं । कभी कह दिया काला हो गया होगा । लेकिन हिन्दुस्तान में जौ कितना सरकार ने खरीदा है इसकी आपको जांच करानी चाहिए । दूसरी बात 105 रु० पर आपने कितना गेहूं खरीदा ? जब हमारी इस सदन में मांग थी कि 130 रुपये से ज्यादा दाम तय होंगे तो किसान को लागत मूल्य मिलेगा । इससे कम में दाम देंगे तो किसान नुकसान में रहेगा । उसके बाद 105 रुपये आपने तय किया, लेकिन हरियाणा और पंजाब के आंकड़े आपने बता दिये कि कुल 105 रु० में कितना गेहूं खरीदा । हमारा इस बात में निश्चित रूप से दावा है कि सारे देश में 105 रु० पर गेहूं खरीदने की तादाद कम है, 105 रु० से नीचे पर खरीदने की तादाद ज्यादा है । उसके बावजूद भी बाजार में जो गेहूं बिका है वह निश्चित रूप से ज्यादा है जो किसानों को निश्चित भाव से भी कम में बेचना पड़ रहा है । लागत दाम आपका कौन तय करेगा ? ठीक है, आप एक्सपर्ट्स से तय कराइये, लेकिन एक्सपर्ट्स के हिसाब से तय कराओगे तो निश्चित रूप से आप अंधकार में रहेंगे । एक्सपर्ट्स को, मैं नहीं मानता कि किसान से ज्यादा ज्ञान है, जो कि खेत में हल चलाता है, इसका कि उसकी लागत क्या लगती है । उसके साथ-साथ कितना मुनाफा आप उनको देते हैं, इस बात की गारन्टी दीजिए । आप इंडस्ट्रीज में हंड्रेड परसेंट और उससे भी ज्यादा मुनाफा देते हैं, उसके बावजूद भी उस पर कोई अंकुश नहीं लगाते हैं । तो प्रस्तावक महोदय ने जिस बात को कहा है कि कुछ वस्तुओं पर क्रय-विक्रय के मूल्य में 15 प्रतिशत का अंतर

नहीं होना चाहिए । क्रय-विक्रय का यहां मतलब नहीं है । मैं कहता हूं कि लागत जो आये और उसको खरीदा जाए और उसको बेचा जाए, राज्य सरकार जो बेचती है उसमें अन्तर है, लेकिन हम कहते हैं कि एक आना से ज्यादा घट बढ़ नहीं होनी चाहिए हमारी लागत में और जिस भाव पर हम बेचें उसमें । इतना मुनाफा किसान को दें । तो वही सिद्धान्त लागू होना चाहिए जो इंडस्ट्री में है । इतना मुनाफा हमें भी दो । क्या हम इस तरह की जांच कराने को तैयार हैं कि इंडस्ट्री की लागत क्या है, उसको मुनाफा क्या होना चाहिए और जो किसान को कपड़ा मिलता है, मजदूर को कपड़ा मिलता है वह किस दाम पर मिलता है और किसान पर यह पाबन्दी है कि तुम अगर इतने मूल्य में अनाज नहीं बेचोगे तो आप पर कोई कानून लागू कर मजबूर कर दिया जाएगा । मैं इस सम्बन्ध में · · ·

श्री देवराज पाटील (महाराष्ट्र) : मीसा में बन्द कर दिया जाएगा ।

श्री नत्थी सिंह : मीसा में तो मरजी पर है, सबको नहीं कर सकते । लेकिन है जरूर । इस सम्बन्ध में मेरी राय यह है कि आज तक हम यह कह रहे हैं कि जो सीमान्त किसान हैं उनको हमें सुविधा देनी चाहिए । क्या सुविधा देना चाहते हैं ? इसमें सवाल रखा है कि भू-राजस्व, बिजली आदि की दरें कम कर दी जायें । मैं कहता हूं कि आज भी हम यह कहने में हिचकते हैं कि जो अनुत्पादक जोतें हैं, जो अनार्थिक जोतें हैं उनसे आप भू-शुल्क किस बात का लेना चाहते हैं । हमको हिम्मत के साथ कहना चाहिए कि अनुत्पादक जोत हम नहीं रहने देंगे । उसको ऐसी सुविधायें देंगे, उसके अनाज के दाम इस तरह से तय करेंगे कि अनुत्पादक जोतें नहीं रहेंगी । ऐसा करेंगे तो निश्चित रूप से अनुत्पादक जोतें कम होंगी और उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी । आज तो ज्यादातर हम प्रकृति के ऊपर निर्भर हैं । हम कह दें कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा हम तीनों जमुना के पानी में डूब रहे हैं और आपका नियम यह है कि उस डूबने से हमारी खरीफ की फसल खराब होगी, उस पर भी हमसे इरिगेशन टैक्स लिया जाएगा । हम इस बात को कहते-कहते थक चुके हैं कि हमारी फसल बरबाद हो रही है, मवेशी बरबाद हो रहे हैं, जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है, बेमौके बाढ़ का पानी आता है उस पर इरिगेशन टैक्स कैसा ? वह कहते हैं रबी कि फसल बहुत अच्छी है । अगर हमसे इसका मुआवजा लेते हो तो खरीफ की फसल का मुआवजा क्यों नहीं देते ? किसी का घर डूब जाएगा तो उसको सौ रुपये पकड़ा देंगे । तो हमारी मेहनत से कमाई हुई झोंपड़ी का मूल्य यह दिया जाता है । इस दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है । अगर इस दृष्टिकोण को हम बदलेंगे नहीं तो हम कैसे कहेंगे कि हम किसान को निश्चित रूप से उस स्तर पर लाना चाहते हैं जिससे हम यह कह सकें कि इस देश का जीवन स्तर हमने बढ़ाया ।

3 P.M.

एक बात और कहना चाहता हूं कि हम क्यों नहीं फैसला करना चाहते कि जो बाढ़ आती है या सूखा पड़ता है वह न हो । इसके लिये हम क्यों नहीं राष्ट्रीय स्रोत मान कर जल परिषद् की स्थापना करते ? भारत सरकार को चाहिये कि वह इस प्रकार की परिषद् बनाए और चाहे नदियों का विवाद हो, बाढ़ का पानी हो सब का कंट्रोल उस संस्थान पर हो । हम समझते हैं इससे सही तरह से पानी का वितरण हो सकेगा ।

आज मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो सुविधाएं आप दे रहे हैं उसमें आपका दृष्टिकोण खेती के प्रति स्टैप मदरली है क्योंकि दूसरी तरफ जब आप इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देना चाहते हैं तो उनको हर प्रकार की सुविधाएं दे रहे हैं । मैं यह नहीं कहता कि उनको मत दो, लेकिन जो सुविधाएं आप उनको देते हैं उसके अनुसार हमारे देश में जो खेती का सबसे बड़ा धंधा है, उसको मुनाफे का धंधा मानकर, उतनी ही उनको भी सुविधाएं दें।

मैं आपके नोटिस में एक-दो बातें और लाना चाहता हूं । हमने छोटे किसानों का ऋण

माफ कर दिया है । स्थिति क्या बनी है ? रुरल बैंक्स हमने बनाए हैं, को-आपरेटिव बैंक्स हमने बनाए हैं, कामर्शियल बैंक्स हमने बनाए हैं । आज आप कहने लगे हैं कि 70 करोड़ रुपया ऋण के रूप में देंगे । एक तरफ हमने एक अच्छा कदम उठाया है और अच्छा कदम बरकरार रहे इसके लिये कोई व्यवस्था नहीं की है । दूसरी तरफ जो पैदा करता है मेहनत से उसको सही दाम नहीं मिलते, वह अपने पैर पर खड़ा नहीं हो सकता और तीसरी तरफ जो हम उद्योग धंधे लगाते हैं, आज भी इनके लिये हमारा रुझान शहरों की तरफ है । हमने कहा है कि ग्रामों में भी उद्योग धंधे लगाये जाएंगे । इस पर हम बहुत विचार करते हैं, लेकिन फिर भी नहीं लगा रहे हैं । जो शहरों की तरफ दौड़ लग रही है इसको रोकने के लिये हमें खेती को मुनाफे का धंधा बनाना होगा । मैं यह नहीं कहता कि हमने इसके लिये कुछ नहीं सोचा, हमने इस पर बहुत विचार किया, सीलिंग कानून लाए । उसमें हमने अधिकतम पर सीमा बांधी है हम कहते हैं मेहरबानी करके न्यूनतम पर भी आप को सीलिंग लगा देनी चाहिये । अब समय आ गया है कि जो असमानता है उसे दूर किया जाए । यह असमानता तब मिटेगी जब यह पाबंदी लगाएंगे कि एक आदमी एक धंधा करेगा । इसलिये आपको यह पाबंदी लगानी होगी ।

मुझे जहां तक याद है इस सदन में पहले भी यह आवाज बुलंद की गई थी कि किसान को उसकी पैदा की हुई चीजों का उचित मूल्य मिलना चाहिये । उसमें और कारखानों में पैदा होने वाली चीजों का मुनाफा समान होना चाहिये, 'एक सा मुनाफा' की नीति निर्धारित करनी चाहिये और आज भी इस बात को कहा जा रहा है । मुझे पूरा विश्वास है कि इस बात को सुना ही नहीं जाएगा बल्कि इसकी क्रियान्विती भी की जाएगी उस युग में जब कि 20-सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के जरिये हम हैव नोट्स की तरक्की करना चाहते हैं ।

श्री सुल्तान सिंह (हरियाणा) : उपसभापति महोदय, यह प्रस्ताव जो मेरे लायक दोस्त इन्द्रदीप सिंह जी लाए हैं, इस प्रस्ताव के जरिये सरकार का ध्यान किसान की जो हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, उसकी तरफ दिलाया है । उपसभापति महोदय, कई बार इस हाउस में सरकार के ध्यान में यह बात लाई गई कि किसान को उसकी पैदावार का उचित मूल्य नहीं मिलता । पता नहीं सरकार इस तरफ से क्यों लापरवाह है । मैंने पिछली बार भी कहा था और आज फिर कहता हूं कि हमारी बदकिस्मती है कि हमारी जो एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री है इसके साथ फूड का लफ्ज जुड़ा हुआ है—फूड एंड एग्रीकल्चर । एक तरफ हमारी मिनिस्टरी किसान के लिये काम करती है और दूसरी तरफ बनिये के लिये भी साथ-साथ काम करती है । अपनी पापुलरिटी के लिये यह मिनिस्ट्री के हाथ में है कि कंज्यूमर को सस्ती चीज दें । वह सस्ती चीज किसी और से छीन कर नहीं देती है, बल्कि वह किसान से ही छीन कर देती है । जितने संगठन आज तक खड़े हुए जिनको किसान के हितैषी संगठन कहा जाता है, वे सारे किसान को लूटते जा रहे हैं । आपने एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन बनाया इस बात के लिये कि किसान को चीजों का उचित दाम दे सकें, स्टडी करके । लेकिन एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन बिलकुल अंधा-धुंध ढंग से कार्यवाई कर रहा है । उनको इस बात का ध्यान ही नहीं होता है कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए उनको बनाया गया है और इसलिए उनका यह प्रयत्न होना चाहिए कि किसानों को उचित दाम मिलें । मैंने पिछली बार भी इस बात को सदन में कहा था और आज मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन के मेम्बरों को तनख्वाह देने के बजाय अच्छी जमीन दे दी जाय । मैं चाहता हूं कि उनको बढ़िया जमीन दे दी जाय । इसके बाद वे देख लें कि जिस हिसाब से वे अनाज के भाव निर्धारित करते हैं, उस हिसाब से उनकी उपज से उनकी तनख्वाह निकलती है या नहीं । मैं चाहता हूं कि आप उनको 18 एकड़ के बजाय

36 एकड़ जमीन दे दें और उससे आप देख लें कि उससे उनका डी० ए० और तनख्वाह आदि निकलते हैं या नहीं । अगर आप ऐसा करेंगे तो मैं समझता हूं कि ये लोग फिर भाव की बात नहीं करेंगे । यह बात आप मुझ से लिखवा कर ले लें । वे कभी खेती करने को तैयार नहीं होंगे । लेकिन दूसरी तरफ किसान को कहते हैं कि वह उनके द्वारा निर्धारित भाव पर अपनी चीजें बेचें । मैं समझता हूं कि एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन, जिसको किसानों के नाम पर बनाया गया था, मेरे ख्याल में एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री के फण्ड से पैसा लेता है, है लेकिन वह एग्रीकल्चरिस्ट्स और किसानों का नम्बर एक दुश्मन है । जहां तक फूड कारपोरेशन का सवाल है, उसकी हालत यह है कि जब मंडियों के अन्दर अनाज आता है तो बुरी तरह से लूट मच जाती है । एक-एक इंस्पेक्टर लाखों रुपये कमा जाता है । हर किसान का अनाज रिजेक्ट कर दिया जाता है और जब बनिया उसको खरीद कर ले जाता है तो फिर फूड कारपोरेशन वाले उसी अनाज को बनिये से खरीद लेते हैं..... (*Interruptions*) । यह सारे हिन्दुस्तान की बात कह रहा हूं । सारे देश में ऐसा होता है । फूड कारपोरेशन का एक-एक इंस्पेक्टर लाखों रुपये कमाता है । फूड कारपोरेशन किसानों की मदद के लिए नहीं आता है बल्कि उनको परेशान करने के लिए आता है । इसके अलावा फूड कारपोरेशन 40 रु० प्रति क्विंटल के हिसाब से हैंडलिंग चार्जेज लेता है । जिस निगम को कंज्यूमर और किसान के इंटरेस्ट के लिए बनाया गया था, आज वही निगम दोनों को खा रहा है । हमारे देश में पहले देशी राजा हुआ करते थे, लेकिन अब सरकार ने ये नये निगम और कारपोरेशन बना करके नये राजा तैयार कर दिये हैं । ये लोग हवाई जहाज से यात्रा करते हैं, फाइव स्टार होटलों में ठहरते हैं और इनके खर्चे अन्धा-धुन्ध बढ़ते जा रहे हैं । दूसरी तरफ हालत यह है कि 40 रु० हैंडलिंग चार्ज के लिए जाते हैं । किसानों से चीजें खरीदी नहीं जाती हैं और कंज्यूमर को ठीक दाम पर चीज मिलती नहीं है । गोदामों में अनाज सड़ रहा है । जगह-जगह तबाही हो रही है । इस तरह से फूड कारपोरेशन द्वारा बरबादी की जा रही है । मैं चाहता हूं कि इसकी तरफ सरकार तवज्जह दे ।

इसके अलावा हमारे देश के अन्दर सीड् कारपोरेशन है । यह किसानों को अच्छा सीड नहीं देता है । पिछली बार भी मैंने कहा था कि रोज आप रात को रेडियो सुनें तो खबर सुनाई जाती है कि फलां हलवाई को मिलावट के अपराध में दो साल की सजा हो गई । लेकिन फूड कारपोरेशन और सीड कारपोरेशन के किसी भी चेयरमैन को आज तक सजा नहीं दी गई है । जब कि हालत यह है कि फूड कारपोरेशन और सीड कारपोरेशन की चीजों में भी मिलावट होती है । इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि ये जो तीन चार निगम हैं और जो किसानों के हितों के लिए बनाये गये है, इन पर अंकुश लगाया जाय । शिन्दे साहब से मैं कहूंगा कि वे इन बातों की तरफ ध्यान दें । सीड कारपोरेशन वाले जो मिलावट करते हैं उसकी पूरी रोकथाम होनी चाहिए । इसके अलावा मुझे ताज्जुब इस बात का है कि एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री को इस बात की जानकारी नहीं है कि अभी तक गन्ने का 13-14 करोड़ रुपया बकाया है ।

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत (राजस्थान) : पूरा 15 करोड़ रुपया है ।

श्री सुलतान सिंह : पूरा 15 करोड़ रुपया—हमारी बहिन बता रही हैं—गन्ने का बकाया है शुगर मिलों की तरफ और यह सरकार अभी तक उनको नहीं दिलवा सकी । इसके अलावा उन शुगर मिलों में क्या होता है यह एक अलग बात है । जितने शुगर इंडस्ट्रीज के मालिक हैं उनकी पुरानी मशीनें हैं, ये रिकवरी के ऊपर भाव खोलते हैं । गन्ने की भी रिकवरी के ऊपर भाव खोलते है । मशीन क्रश नहीं करती तो किसान उस तरह से भी मारा जाता है और गन्ने की रिकवरी नहीं होती तो उसमें

पैसा कटता है और शुगर मिलें उसका पैसा दबा कर बैठ जाती हैं । ये शुगर मिलें जो हैं इनका नेशनलाइजेशन होना चाहिए और नेशनलाइज्ड करके जितना रुपया किसानों को शुगर इंडस्ट्री की तरफ, मिल मालिकों की तरफ बकाया है, उसको अदा करना चाहिए । इसके अलावा और जितनी बातें हैं उन चीजों को आप देखें । दवाइयों और अन्य चीजों के दाम ज्यादा से ज्यादा बढ़ रहे हैं और जो इम्प्लीमेन्ट्स आप किसानों के लिये खरीदें उसके भाव बड़े तेज बढ़े जा रहे हैं । किसानों की चीजों के भाव बड़ी तेजी से नीचे गिरते चले जा रहे हैं और दूसरे भाव बढ़ते जा रहे हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके मार्फत शिन्दे साहब से यह प्रार्थना करूंगा कि आपकी एग्रीकल्चर की तीन मिनिस्ट्री हैं, कम से कम आप यह सजेशन दें और मैं इस हाउस के जरिये देता हूं प्रधान मंत्री जी को कि एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री सेपरेट होनी चाहिए । उसका 24 घंटों का काम खेती की पैदावार बढ़ाना, किसानों की दिक्कतों को दूर करना, किसानों को ठीक भाव दिलवाना, किसानों के इंटरेस्ट को वाच करना होना चाहिए । लेकिन मुश्किल यह है कि आप बनिये भी हैं और किसान भी हैं । पता नहीं क्यों आप उस तरफ की बात ज्यादा सोचते हैं और हमारी तरफ की कम सोचते हैं, इससे हमको घाटा हो रहा है । तो मैं आपकी मार्फत सरकार से प्रार्थना करूंगा कि किसान बेचारा रोजाना घाटे में जा रहा है । आप देखिये कि अगर कोई एग्रीकल्चर में पी० एच० डी० हो तो वह एग्रीकल्चर में, खेती में काम करने को तैयार नहीं, अगर कोई बी० एस०-सी० एग्रीकल्चर है तो वह खेती करने को तयार नहीं, अगर कोई एम० एस-सी० एग्रीकल्चर है तो वह खेती करने को तैयार नहीं । इसके सीधे मायने क्या हैं । इसके सीधे मायने यह हैं कि बाल-पेन बेचने वाले की, अखबार बेचने वाले की आमदनी है, लेकिन एग्रीकल्चरिस्ट का बेटा पी० एच०-डी० एग्रीकल्चर करने के बाद भी खेत पर नहीं जाता । उसका कारण यही है कि खेती की वाएबल यूनिट है या नहीं । मैं कहता हूं कि खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है । हर किसान यह महसूस करता है कि उसके बच्चे, बीवी सभी खेती के अन्दर काम करते हैं, उसके बावजूद उसको रोटी नहीं मिलती और इसी की वजह से आज बड़े-बड़े शहर बनते जा रहे हैं । अभी एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन खेती की तरफ आया, इफ दे आर ओनेस्ट उन्हें खेती की तरफ आना चाहिए । मैं कहता हूं कि अगर वे ईमानदार हैं तो उन्हें मेरा आफर कबूल करना चाहिए ।

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे): श्री रणबीर सिंह जी को रखिये ।

श्री सुलतान सिंह : जो हैं उनको ही भेजिये । श्री रणबीर सिंह जी को क्यों लेते हो ।

उपसभापति महोदय, मेरी गुजारिश यह है कि इस वक्त अगर खेती को हम वाएबल यूनिट नहीं बनायेंगे तो ये शहर बढ़ते रहेंगे और ये शहर बढ़ते-बढ़ते एक दिन इस सरकार के लिये सिर दर्द बन जायेंगे । आज क्या हालत है किसान की (*Time bell rings*) । इतनी बुरी हालत है । सारा इलाका डूब गया है बाढ़ से, सारी उसकी फसलें डूब गईं और इधर दिल्ली के किसान की इतनी बुरी हालत है जिसका कोई हिसाब नहीं । शहर से अचानक 50 हजार, 60 हजार झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वाले लोगों को जहां बढ़िया से बढ़िया पैदावार होती है, ऐसी ऊंची जगहों पर उनको बिठा देते हैं । जहां सूखी जमीन है, अच्छी फसल है, वहां ले जा कर के फैंक देते हैं । फसल का कोई मुआवजा नहीं, कोई नोटिस नहीं, कहीं उनको कोई किस्म की और सहूलियत नहीं । खड़ी फसल के अंदर, आप जा कर देखें, शहरों से डेरियां हटा कर उन किसानों के खेत में बैठा देते हैं, शहर की झुग्गी-झोंपड़ी वालों को बैठा कर किसानों को निकाल रहे हैं । किसान को उचित मुआवजा देना

चाहिए, नोटिस देना चाहिए, जमीन एक्वायर करने का । तो इस तरह से किसान के साथ रोज़-ब-रोज़ ज्यादती करना उचित नहीं है । तो हम किसानों का तो हित इस बात में है कि उसको ठीक दर पर बैंकों से रुपया कर्ज मिले, उनकी जरूरत की चीजें ठीक कीमत पर मिले और दवाइयों के अंदर, बीज के अंदर मिलावट न हो । तो मैं समझता हूं यह जो प्रस्ताव इन्द्र-दीप सिंह जी ने रखा है उसको डिसकस करने के बाद सरकार सोच समझ कर कुछ किसान के हित में काम करेगी, तभी देशका बड़ा भारी फायदा हो सकेगा । धन्यवाद ।

SHRI R. NARASIMHA REDDY (Andhra Pradesh) : Mr. Deputy Chairman, Sir, though this Resolution concerns agriculture only, I look upon this Resolution as one dealing with the entire economy of this country. When we look at the basic foundations of the present economy, the agricultural economy in our country, I feel that there is a grave imbalance in the entire economy. There are grave distortions. In the Resolution itself, it has been clearly stated that there are disparities between the prices of the agricultural products and the prices of the industrial products, between the prices of the agricultural products and the prices of the inputs and between the price which the producer gets and the price which the consumer is made to pay. Sir, if we superficially look at all these factors, we may not see any grave danger to our economy. But when we look deep into it, we see that this poses a real danger to the entire economy. The experience of many countries in the West and in the East has shown that neglect of agriculture, neglect of the agriculture economy, has proved ruinous to these nations. We should have learnt the lesson from these nations. But unfortunately for this country, we have not, so far, learnt the lesson. How can the industry thrive in a country in which the agricultural economy is still at its lowest ebb ? Please look at the picture in the country. Even today, if you go to the villages, the villages are found to be sinking, economically, socially and culturally. But the cities are thriving. They are thriving and growing at the expense of the village economy. With the blood sucked from the village economy, the cities are growing with their own attendant problems of shims, goondaism, social and political complications. This is a lesson which we should have learnt from the countries which have gone in that direction. Unfortunately, we have not, and to my knowledge and belief, except saying some good words about agriculture, I do not see the good sentiments being practised, fake, for instance, the question of prices. If you take the prices of foodgrains at the time when the producer gets his harvest, they are stuck up at the lowest. The small farmer, the poor farmer has no power of retention; he has no control over the market His economy compels him to rush to the market and sell at a distress price.

We say we have given support price. When is the support price given ? The medicine is administered after the patient is dead. After the poor and small farmers' produce is taken away from them due to the compulsions of economy, you say that the support price is given. This has been the history of support price. In Andhra Pradesh, last year, foodgrain producers not only did not get a fair price but in many areas there was no purchaser. In that connection I wrote to our revered Agriculture Minister, Babuji and to the Prime Minister that in this situation when there is no buyer, when your Food Corporation does not have the machinery to buy from all the small and poor farmers not to have these zones and to abolish these zones at least and that will at least bring a purchaser for the grains. They said that in the interests of procurement the zones cannot be abolished. Sir, I was not able to see the reason behind it. When we are self-sufficient, when you say that we have a bumper crop, what is the necessity of these artificial food zones as if this country is several countries ? If there is a deficit let us all suffer; if there is a surplus let us all enjoy it. We all know how these food zones are operating. They have only become a means of smuggling and black-marketing and to those officials who manage them, it is a welcome festival.

Sir, take cotton, for example. In Andhra Pradesh, which was not a big cotton-producing State, our Agriculture Department supplied new seeds and asked the peasants to grow cotton. They took it up very well and in Gunlur district alone a few lakh acres of cotton alone was sown and a bumper crop came. What happened afterwards ? There was no buyer. They had invested thousands of rupees of money; they had brought loans. How could they repay them.

SHRI DEORAO PATIL (Maharashtra) v For the production they were congratulated by the Minister !

SHRI R. NARASIMHA REDDY: My information is that, like this, in some other States like Punjab, Haryana and Maharashtra production of the cotton crop increased very well. But what is the position today ? This year they have all stopped growing cotton. Why ? Who is responsible ? Is

it not our bad planning and bad economy ? They could not get the price. We encouraged the poor peasant to grow cotton but when he could not get a buyer we did not go to his help. After a great agitation the Cotton Corporation of India was started— and for what purpose it was started, God alone knows. This was asked to purchase the cotton but the Finance Ministry gave it only about ten crores of rupees. What can be done with that ? A deferred payment system was introduced. Can the deferred payment system be accepted by all the creditors of the small and middle farmers ? Will they agree to it ? They will demand the payment. Therefore they gave it up and today we have to import cotton. We have produced about 70 to 75 lakh bales. But today we have once again to import cotton. See this fluctuation because of the non-implementation of our policy.

In this connection, I would like to. read out to you the relevant portion of the Congress Working Committee's Resolution regarding this—

> "Next only to foodgrains, the policy in regard to production and distribution of textiles is of crucial importance to the masses. The two components of textile policy that have either been neglected or have proved ineffective in the past relate to eliminating speculative practices in regard to purchase of cotton on the one hand, and a check on the proliferation in the variety of textiles produced and that too increasingly of an elitist orientation, on the, other. Thanks to advances in the technology of cotton production, it is possible for us to produce adequate cotton to clothe our masses and to step up exports. Based on a remunerative price fixed for the grower, a range of minimum and maximum cotton prices for the mills should be worked out and...

Please note.

> ". . .enforced in order to eliminate unhealthy and speculative practices in the supply of cotton to the mills. Procurement through public and co-operative agencies should be stepped up. Varieties of textiles should be drastically curtailed and ceiling prices for cloth fixed based on yarn count."

This was on the 25th of May, 1974 and we are in 1976 now. How far has this been implemented ? Till now the price of cotton is not fixed. And by the time the price is fixed, the poor farmer would have sold away his cotton. And by the time it goes to the mills, the price is very much raised. Therefore they say that the cotton price is more and our cloth price is also more. On the one side, the consumer has to pay more price and on the other side, the producer gets very little; in between, the middleman gets the lion's share. This is the case in regard to foodgrains, this is the case in regard to cotton and this is the case in regard to all the other commodities that the agricultural sector produces. Unless we eliminate these middlemen who are sucking the blood both of the consumer and the producer, agricultural economy will not improve in this country. And if the agricultural economy does not improve, the whole economy of the country will once again get back to a stragnant stage, ana i need not tell you the effect of the agricultural economy on the industrial economy. All our thinkers have said—Mahatma Gandhi had said—that rural India lives in the villages, in India's seven lakh villages. What is happening to our seven lakh villages ? The only test is, if the agricultural sector is improving, the villages are improving. And there would not have been a migration of the population from the villages to the cities; on the other hand, there would be a migration from the cities to the villages. But even today, the village population is coming into the cities creating problems here and pauperisation there—pauperisation of the countryside and luxury in the cities. This is the position to which our economy has come to.

Sir, it is a question of having your sights clear. It is no good merely saying that agriculture is good and it has to be developed. The whole planning and the whole thinking must concentrate on the development of agriculture. If only this had been done earlier even at (he time we achieved our freedom, we need not have gone to so many countries like the USA requesting them to give us grains. How many crores of rupees we have spent in foreign exchange for the purchase of foodgrains ! If only we had developed our agriculture, we need not have wasted so much of foreign exchange; we could have, on the other hand, earned more foreign exchange for this country. So this problem of prices takes us to the basic problem of the Indian rural economy.

Finally, Sir, I would like to make just one simple suggestion which I think the Minister will appreciate. At least now, when you fix the prices, what is the difficulty in fixing the prices just after or before the sowing season ? Give the peasant, the grower, a confidence that his produce will be purchased. In this country we may not be able immediately to implement the crop insurance scheme; it ?s a huge country. The Government mast create enough machinery, whether through the co-operatives or otherwise, to give a confidence to the small and marginal farmers that their produce will get remunerative prices. Otherwise you all know about the rise in the cost of inputs. I need not repeat it. The fertiliser prices, the prices of pesticides, the prices of seeds, the cost of electricity, the

cost of diesel oil, everything has gone up. Over and above this, our State Governments in every State have not only increased the electricity charges but have increased the commercial crop taxes and the water cess also. All these burdens have increased. This is the situation. Therefore, please give confidence to the producer. If that is not done, what happened in cotton is going to happen in other commodities. Today in my area where paddy is grown, not under irrigation from projects but from wells and small tanks, people are giving up paddy and are going in for other crops. This is bound to happen because our economy does not assure them of a remunerative price. Unless this outlook, this attitude—what is more important is the attitude, not the details—is revised by the Government, unless our sights are clear, the sights towards the seven lakh villages where rural India lives, our economy will not prosper. I am sure our Agriculture Minister and our experienced Mr. Shinde will note this and do their best in this matter. Thank you.

SHRIMATI AMARIIT KAUR (Punjab) : Mr. Deputy Chairman, Sir, the hon. Member who has moved this Resolution has made several interesting points regarding some basic difficulties our agriculturist has had to face in the past and is still facing today. I would like to make a few observations on some of the points put forward by the hon. Member.

Fixing of the price for agricultural produce today is left totally in the hands of the Agricultural Prices Commission, whose members are eminent economists only and take advice from a panel of 21 farmers and four MPs. before making their financial decision regarding the prices of farm produce. It was on the 20th April this year that one farmer was inducted into the APC. Farmers are happy at this slight concession given to them, though they would very much have liked further inclusion of two more practical farmers from States contributing the maximum to the Central pool and more so, some eminent Vice-Chancellors of agricultural universities of Ihis country. I strongly feel that until this is done, there will never be a proper balance in the price structure of agricultural produce where the producer and the consumer can live in harmony. The question is how does the APC come to its price conclusions ? We are told that the APC goes into the total price structure of the farmer's inputs. I have often wondered if the APC has ever considered that the total input of the future crop is taken from the output of the present crop and is to be assessed along with other inputs in the present crop. The other consideration is whether any economical assessment is made of the amount of effort and energy hours put in by a farmer in ratio to proportionate effort and energy hours put in for the production of industrial goods. If the APC does take these two aspects within the scope of inputs of the farmer, then why is this poor farmer always in debt ? We find the farmer constantly taking loans from banks at extremely high rates of interest—may be the APC leaves no scope in its quoted price of grains for improvement of the farmer's living condition or the improvement of his farm for progressive production. The farmers cannot remain stagnant, though APC prices sometimes force him to do so. So, we see him taking bank loans with crippling rates of interest to buy seed, fertiliser, loans for labour wages, for the sinking of tube-wells, buy motors, pumps, engines, thrashers, tractors and all their various implements, and loans even to run his household, even though the money is meant for some other purpose. He accumulates such huge debts with the bank, thinking he will pay it back after the sale of his crop; but all he manages to do is to pay off the interest of the loan he has taken. The farmer is now in a vicious grip. He stands to lose his land and go to jail. These bank loans which were good schemes and were supposed to put the poor farmer on his feet are now putting him behind bars and auctioning his land. Now we see these farmers get into a void of recurring debts. They in a way become slaves to the bank just because they had that laudable idea of becoming progressive farmers and wanted to uphold the policy of 'Grow More Food'. This, Sir, is another aspect of "rural indebtedness" which touches, this time the grower and the producer. There is either something drastically wrong with the implementation of these schemes, or else the prices of inputs and interest rates have gone so high that the agriculturists are unable to pay back.

The question arises as to what help does this indebted grower and producer wani from the Government ? He wants psycho logical encouragement and incentive foi greater production. Because he is a simple and mostly an uneducated person, he want; plans that are simple so that he can understand them. He wants the assurance fha his toil in sweat and blood will be appre ciated and that the production of his labou will be paid in remunerative prices. Ht just wants to be known as a land owne and not as a Kulak or a landlord just be cause he holds maximum land within th< ceiling limit. If he holds less then bi wants to spend his hard earned money tc buy a few more hectares within the limi to improve his lot. He wants to be judget by his performance in the field. He want that the Government should help him ti mechanise his farm so that he can contri bute handsomely to the Grow More Foe Campaign. He complains that the price of tractors, implements and spare part have increased 90 to 115 per cent fror

1970 to 1975. He claims that he would not dare take a bank loan because the bank rate of interest has also gone up from 9i per cent in 1970 to even 18 per cent in 1976. The farmer had noted that the Finance Ministry had manoeuvred a concession on items used in tractors bringing down the total price a full one per cent as against items such as T.V. sets, water coolers, etc., which had at the same time been brought down 5 to 35 per cent. The farmer has been wondering ever since what yardstick was being used by the Finance Ministry to measure priorities in the field of necessities.

The farmer agree that the margin between the purchase and the sale price of his produce should be reduced to 15 per cent, because he is always blamed by the non-agriculturist consumer for being responsible for the high prices in foodgrains and becoming rich at their expense. This misunderstanding in the mind of the city consumer has led to the habit of fleecing the poor uneducated farmer when he goes to town to buy his daily necessities.

There is a general agreement amongst the farmers that the land revenue charged by the Government is generally fair and nominal and that their paying of it gives them a sense of participation and confirms by the Government the ownership of lands in their names. The only thing they ask is that the total land revenue of an entire village be handed over directly into the bank account of the Panchayat for the improvement of the village itself. I agree with the hon. Member that the electricity and water charges have increased too much in the last five years, the increase has been to the tune of over 70 per cent. The farmers feel that the reduction in fertiliser prices was so small that they are still unable to put in the optimum doses that should be put into their crops, thereby creating less production.

The hon. Member has made a mention of concession that should be given to the poor and middle level farmers. I agree that all small and marginal farmers must be given priority in all development schemes. I know it for a fact that these small and marginal farmers are being helped tremendously by State Governments through agencies created exclusively for them. Here I would like to suggest that small and marginal farmers should not only be judged by the measurement of lands they hold, but also by the quality and the productive capacity of the land itself. For instance, a fully irrigated three hectares of land can produce in a year the total annual production of seven or more hectares of land in dry farming areas and during times of drought, even more so. Now the three hec-] tare-owners have been brought because of their small holding under the category of marginal farmers. Therefore, I feel that ' farmers in totally dry areas should also be brought under the category of marginal farmers and should be given developmental aid just as the present marginal farmers are given.

The hon. Member, by moving this Resolution, has highlighted some of the major problems faced by our farmers today and we all share these views and ideas generally.

Thank you.

श्री बापूरावजी मारुतरावजी देशमुख (महाराष्ट्र) : उप सभाध्यक्ष महोदय, इस सदन में श्री इन्द्र दीप सिंह जी एग्रीकलचर प्राइस के बारे में जो रिजोल्यूशन लाए हैं उस पर हम लोगों को चर्चा करने का मौका मिला है। मैं इसके लिए उनको धन्यवाद देता हूं। देश में एग्रीकल्चर लोगों की हालत दिनों-दिन कमजोर होती जा रही है। कहा जाता है कि देश में अभी तक पंचवर्षीय योजना बनाई गई हैं वे सभी किसानों, मजदूरों के फायदे के लिए होती हैं। लेकिन देखा जाए तो इतनी प्लानिंग होने के बाद भी किसानों की हालत क्यों बिगड़ी है और वे क्यों कमजोर हुए हैं इसका कारण भी हमें सोचना पड़ेगा। आपको मालूम है कि इस देश की जो कुल आमदनी है उसका 50 परसेन्ट जो उत्पादन है वह इनकम खेती का है और 50 परसेन्ट जो इनकम है वह इंडस्ट्री की है। परन्तु 50 परसेन्ट इनकम खेती से पैदा होती है उसमें 80 परसेन्ट लोग काम करते हैं और 50 परसेन्ट इनकम इंडस्ट्री से होती है उसमें 20 परसेन्ट लोग ही काम करते हैं। लेकिन 20 परसेन्ट लोगों को सरकार की तरफ से प्रोटेक्शन दिया जाता है। और उनके इंडस्ट्रीज के भाव भी बराबर मुकरर सरकार से किए जाते हैं। लेकिन 80 परसेन्ट लोग खेती पर निर्भर होते हैं। उनके भाव उचित नहीं निर्धारित किए जाते हैं। उनकी माली हालत खराब हो जाती है। किसानों के माल के भावों के बारे में सरकार ने एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन मुकरर किया है--अभी एग्रीकल्चरल प्राइस कमीशन के बारे में भी यहां काफी चर्चा हुई, इसलिए

मैं उसकी चर्चा नहीं करना चाहता। लेकिन हरेक जिले में एग्रीकल्चर फार्म गवर्नमेंट ने खोले है वह एग्रीकल्चरल फार्म पर खेती का भाव पैदा करने के लिए कितनी लागत लगती है, खर्चा जोड़ने के बाद यह मालूम किया जाए कि उसके उत्पादन पर कितना खर्चा आता है। लेकिन वह जोड़ा नहीं जाता है। बैठे बैठे एग्रीकल्चरल प्राइस कमीशन जो भाव निर्धारित करते हैं वही एग्रीकल्चर के उत्पादन का भाव किसानों और लोगों को दिया जाता है, और इसका कोई सही भाव निर्धारित नहीं होता।

†[**The Vice-Chairman (Shri Ranbir Singh)** in the Chair.]

दूसरी बात, अब आप इंडस्ट्री के बारे में देखिए कि उसमें क्या होता है। इंडस्ट्री वाले पूरी इंडस्ट्री, मशीन की कीमत, उसका ब्याज, कच्चे मालों की कीमत, मजदूरों की मजूरी, फिर उसके बाद प्राफिट जोड़ कर उसे उत्पादन का वास्तविक मूल्य निर्धारित करते हैं। तो इंडस्ट्री में वह अपना उत्पादन और अपने उत्पादन के लिए लगा हुआ खर्चा और उसके बाद अपना मुनाफा लगाकर वह माल बेचता है। लेकिन किसान के बारे में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। किसान को बिल्कुल हवा के ऊपर छोड़ दिया जाता है क्योंकि मार्केट में व्यापारी जो भाव मुकरर करते हैं वही भाव उसको मिलता है।

महाराष्ट्र सरकार ने तीन चार वर्षों से किसानों को कपास के भाव बराबर मिलने के लिए काटन मोनोपली स्कीम चालू की है। किसानों के कपास का भाव उचित मिलने के बारे में यह योजना बनाकर संरक्षण दिया है। और यह योजना चलाने के लिए फाइनेंस मिनिस्ट्री से रुपये की मांग की है। वैसे रिजर्व बैंक से तो रुपए की मांग की है। लेकिन किसान की कपास योजना चलाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को रुपया नहीं दिया जाता। पैसा दिया गया तो इनफ्लेशन बढ़ता है। ऐसी सबब बनाई जाती है। किसानों के भावों के खरीदने के लिए पैसा दिया तो इनफ्लेशन कैसे बढ़ता है। यह हमारी समझ में नहीं आता है। ...इसका कारण क्या है ? किसानों की तरफ देखने का दृष्टिकोण ही गलत है और इंडस्ट्री की तरफ देखने का दृष्टिकोण अच्छा है। उसी का प्रभाव आज हमें यह दीखता है। तो मैं यह जरूर कहूंगा कि अग्रिकल्चर मिनिस्ट्री को देखना चाहिए कि इस देश के 80 फीसदी लोग खेत के ऊपर काम करते है, वहीं रहते है, सारा जीवन उनका वहीं व्यतीत होता है तो उनकी हालत अच्छी रहे। बगैर खेत के मजदूर भी अच्छा नहीं रह सकता। आप मिनिमम वेज देना चाहते हैं और मिनिमम वेज देने की जो बात आई है, वह देना चाहिए, उसके बारे में किसी का दुम्मत मत नहीं हो सकता है। लेकिन अगर किसानों में ताकत नही रहेगी और आपने उन पर मिनिमम वेज का भी कायदा लागू किया तो किसान कहां से दे सकेगा यह भी सवाल आपके सामने है। इसलिए जरूरी है कि किसान जो माल पैदावार करता है, उसके भाव ऐसे निर्धारित करने चाहिए कि वह धंधा भी प्राफिटेबिल होना चाहिए। किसानी अगर प्राफिटेबिल धंधा नहीं होगा तो किसानों की माली हालत दुरुस्त नहीं हो सकती है और वे पनप भी नहीं सकते, यह मुझे कहना है। अभी आप देखिए कि किसानों के माल को पैदा करने के लिए इनपुट्स लगते है उसका क्या भाव है जिनके जरिए किसान माल पैदा करता है ? दो तीन वर्षों के पहले फर्टिलाइजर के जो दाम थे वह एकदम दुप्पट बढ़ा दिए. फर्टिलाइजर 1100 रु० टन मिलता था उसके एकदम से 2200–2300 रु० दाम हो गए। जिस दिन यह मालूम हुआ उसी दिन से फैक्ट्रियों ने दाम बढ़ा कर लाखों-करोड़ों रु० कमा चुके। लेकिन अभी जो 120 रु० दाम घटाए तो उसका फायदा किसानों को तुरन्त नहीं मिला और कहते है कि फैक्टरी के पास आर्डर नहीं आया। चाहे किसानों के बारे में हो या कंज्यूमर के बारे में हो, जब भी भाव बढ़ता है तो वह

भाव बढ़ने के बाद एकदम उसी दिन से लागू हो जाता है लेकिन जहां भाव कम हुए तो उसका असर दो-दो, तीन-तीन, चार-चार महीने तक नहीं दिखाई देता है। आज महाराष्ट्र में इरीगेशन प्रोजेक्ट कितने हैं, कितनी जमीन इरीगेशन के नीचे है, आज तक कितनी जमीन इरीगेशन के नीचे आई है? अगर कोरउवाह जमीन में उनको पैदा करनी पड़ेगी तो फसल कहां से होगी। तो अगर उनके लिए भाव की तपावट वैसी की वैसी रखी तो उनकी हालत कभी सुधरने वाली नहीं है, वह जैसी है वैसी ही रहने वाली है। इसके बारे में आज जरूरत इस बात की है कि अनाज के भावों के बारे में और किसान को अग्रिकल्चरल प्रोड्यूस पैदा करने के लिए जो कीमत लगती है, जो इन्पुट्स लगते हैं, उनके भावों का विचार होना चाहिए। पहले इन्पुट्स के भाव देखे जाएं और फिर किसानों के माल के भाव देखे जाएं। मुझे लगता है आज इतनी तफावत है कि वे उनको ले नहीं सकते और अपनी पैदावार बढ़ा नहीं सकते और यही हालत आज देश में है। इसलिए मिनिस्ट्री इसके बारे में सोचेगी तभी मुझे लगता है किसान की हालत अच्छी हो सकती है नहीं तो जैसी आज हालत है उससे भी बुरी हालत हो जाएगी, कमजोर होती जाएगी। इसलिए आज जो ठहराव (रिजोल्यूशन) आया है उसको मैं सपोर्ट करता हूं।

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत: उपसभापति महोदय, इस साल बड़ी अच्छी फसल हुई है, पिछले साल भी अच्छी फसल हुई थी, भविष्य भी हमें बड़ा सुन्दर नजर आ रहा है। इसके लिए हमें खुशी भी है और मैं बधाई भी देती हूं। बधाई कुदरत के साथ साथ मैं उन किसानों को देती हूं जिन्होंने कड़ी मेहनत से यह फसल पैदा की। साथ ही मैं सरकार को भी बधाई देना चाहती हूं जिसने कई प्रयास किए जिससे खेती की उपज में बढ़ोतरी हुई इतनी अच्छी फसल होते हुए किसानों के दिल में उमंगें उठनी चाहिए थीं, खुशी होनी चाहिए थी, लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस बम्पर क्राप के होते हुए इस साल और पिछले साल हमारे किसानों की माली हालत जैसी थी पहले के मुकाबले गिरी है। होना यह चाहिए था कि हालत बेहतर होती। इसका कारण यह है कि—मुझे क्षमा करें मंत्री महोदय, मैं कुछ स्पष्ट शब्दों में कहना चाहूंगी—कुछ सरकार की नीतियां ऐसी रहीं, कुछ सरकार की एजेन्सी ऐसी थीं। जिन्होंने एफीशियेन्सी नहीं दिखलाई। तीसरे सरकार की जो सही नीतियां थीं उनका वक्त पर इम्प्लीमेंटेशन नहीं हुआ। उसी का यह नतीजा हुआ। यह बिल्कुल ठीक है कि सरकार की नीयत, मंशा साफ यह है कि किसानों को खुशहाल किया जाए, अधिक से अधिक उनको फायदा पहुंचाया जाए, लेकिन इम्प्लीमेंटेशन न होने की वजह से, दिशा ठीक निर्धारित न होने की वजह से जो सरकार करना चाहती थी वह न हो पाया। पिछले साल का किस्सा मैं आपके सामने रखती हूं। पिछले साल जब बम्पर फसल हुई थी, खेतों में, खलिहानों में अनाज पड़ा था तब किसान उछल रहे थे उस बम्पर क्राप को देख कर लेकिन जब बाद में उसका कोई खरीदार नहीं था तब उनके दिल पहले जैसे उछल रहे थे वैसे ही नीचे गिरते जा रहे थे। स्थिति यही थी कि उस समय कोई खरीदार नहीं मिल रहा था। खरीदार जो मिडिलमैन था, व्यापारी वर्ग था उन्होंने सोचा कि इन भावों को डट कर गिरने दो और भाव डट कर गिरते रहे, किसान चिल्लाता रहा, पार्लियामेंट में उनके नुमाइन्दे आपके सामने इन बातों को रखते रहे, लेकिन वक्त के ऊपर कोई इलाज नहीं किया गया। बाद में सपोर्ट प्राइस घोषित की गयी, फूड कारपोरेशन भी खरीदने के लिए आया, लेकिन तब आया जबकि किसानों की फसल का बहुत बड़ा हिस्सा मिडिलमैन के घरों में, दूकानों में पहुंच चुका था। जब फूड कारपोरेशन ने खरीदा तो परेशानी देकर खरीदा, हेरासमेंट के साथ लिया जब भावों में काफी उतार-चढ़ाव आ चुका था। इसलिए किसानों को

फायदा नहीं मिला। जो गरीब तबके का, छोटे तबके का किसान था उस किसान को फायदा नहीं मिला क्योंकि उसके पास ऐसी शक्ति नहीं थी कि वह फसल को अपने घर में रख सके। बड़े किसान ने फिर भी रख ली, लेकिन जिस छोटे तबके के किसान को हम फायदा पहुंचाना चाहते थे उसको फायदा नहीं पहुंचा सके। आपकी नीति ऐसी रही है कि वक्त पर अनाज खरीदा नहीं जाता। उसका नतीजा यही होता है। आज से दो साल पहले हम अमरीका और आस्ट्रेलिया से सोने के भाव अनाज खरीदते थे। धतूरे के बीज मिले हुये अनाज के लिए भी हमने सोना दिया था। यह हम बर्दाश्त कर पाए लेकिन जो फसल हमारे घर में पैदा हुई, हमारे किसान ने बोई उसकी वाजिब कीमत नहीं दे पाए। मैं सोचती हूं। कि यह हमारी अपनी गलती थी। हम औरों के ऊपर इसका दोष नहीं डाल सकते। उपसभापति महोदय, आप खुद जानते हैं सरकार के यहां जब लेवी जमा करनी पड़ती थी तो उस वक्त बीच का आदमी किसान के घर पर जाकर सस्ते भाव पर खरीद लेता था और मंहगे भाव पर सरकार को बेच देता था। इस तरह हमारा किसान लूटा गया। क्या फूड कारपोरेशन के आप के इंस्पेक्टरों को पता नहीं था कि लेवी आ रही थी तो सीधे किसान के घर से नहीं आ रही थी, बीच का आदमी ला रहा था। इस तरह किसानों की गरीबी का अज्ञान का लाभ बीच वाले आदमियों ने उठाया और फूड कारपोरेशन जिसे आपने उनकी रक्षा को बनाया था, छोटे किसानों की रक्षा नहीं कर सका।

4 P.M.

यह तो हुआ उनको सस्ते दाम देने के बारे में, और दूसरी तरफ जो सुविधाएं हम किसानों को देना चाहते थे वह हम नहीं दे पाये। किसानों को आज कोआपरेटिव कर्ज देती हैं लेकिन उन के ब्याज की दरें बढ़ा दी गई हैं और वह 15 से 18 रुपये तक जा कर पड़ती हैं। जो बिजली उन को सिंचाई के लिए दी जाती है उस में होना यह चाहिए था कि वह उन को सस्ती से सस्ती दर पर दी जाए, लेकिन इंडस्ट्री वालों के मुकाबले में उन से दुगुने रेट चार्ज किए जाते हैं। इसी तरह से फर्टिलाइजर के भाव बढ़े। खाद भी ऊंचे दामों पर उन को खरीदनी पड़ी। ट्रैक्टर का दाम भी उन को ज्यादा देना पड़ा। अगर बाजार में ट्रैक्टर के दाम ज्यादा हो गये होते बात दूसरी थी, लेकिन उस पर तो ज्यादा एक्साइज ड्यूटी के कारण किसान को ज्यादा दाम देने पड़े। इसी तरह सिंचाई के रेट हैं। वह भी बढ़ा दिये गये हैं। इसी तरह से बीस सूत्री कार्यक्रम में जो काम करने वाले मजदूर थे उन की मजदूरी का रेट बढ़ा दिया गया। यह ठीक है कि वह ज्यादा होने चाहिए लेकिन उस का बोझ किसान पर ही पड़ा। जब आप इंडस्ट्री का हिसाब लगाते हैं तो मजदूरों का पैसा उस इंडस्ट्री से उत्पादित चीज की लागत में जोड़ा जाता है, लेकिन खेतों से पैदा किए हुए अनाज का दाम तय करने के समय उन मजदूरों की मजदूरी का हिसाब नहीं रखा जाता। तो यह ऐसी छोटी-छोटी बातें हैं जो किसानों की जिन्दगी के साथ जुड़ी हुई हैं। यह नजरिया बताता है कि आप कैसे सोचते हैं इंडस्ट्री के लिए और आप कैसे सोचते हैं किसानों के लिए। बिजली और लेबर के वेजेज की मिसाल दे कर मैं इस बात को आप के सामने रख रही हूं। इस के साथ ही मैं कहना चाहती हूं कि जब हम खेती की तरफ नजर डालते हैं तो क्या जो हमारे चाय बागान हैं क्या वे कृषि में शामिल नहीं हैं। यह मैं जानना चाहती हूं। यह चाय बागान बड़े-बड़े लोगों के हाथों में हैं, विदेशी कंपनियों के हाथों में हैं, हमारे यहां के करोड़पति लोगों के हाथों में हैं, लेकिन उन के नफे के बारे में आप का दूसरा नजरिया है। आप

आज जो असम में चाय पैदा होती है उस के मालिक को एक किलो चाय पर 5 रुपया नफा मिलता है। इस से बढ़ कर नफा शायद किसी दूसरी चीज़ पर नहीं है और जो इन का बैलेंस शीट पेश होता है उस में वे मालिक लोग चार रुपए किलो का नफा दिखाते हैं। तो बड़े-बड़े लोग चार और पांच रुपए किलो का नफा लें और जो हमारे देश का छोटा काश्तकार है, जो हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है और सबको अनाज उगाकर खिलाता है उसको कुछ न मिले। आप के देश में लाखों डालर का अनाज आता था, वह बचा लेकिन उसका ख्याल नहीं रखा जाता, आप इस नज़रिए से सोचिए कि अगर चाय बागान वालों को इतनी रियायतें दी जाती हैं तो किसान को क्या रियायतें दी जानी चाहिएं। किसानों के लाभ के लिए तीन, चार कारपोरेशन बने हुए हैं। एग्रीकल्चर कारपोरेशन है, फूड कारपोरेशन है, सीड कारपोरेशन है, काटन कारपोरेशन है और उन सब पर मुझसे पहले बोलने वाले भाइयों ने काफी रोशनी डाली है इसलिए मैं उस बात को दोहराना नहीं चाहती। सीड कारपोरेशन से जिस तरह का मिलावटी बीज मिलता है और मंहगे दामों पर मिलता है वैसा अगर किसी दूकानदार से मिलता तो उस पर मुकदमा बन सकता है। लेकिन कारपोरेशन पर इस बारे में कोई कार्यवाही नहीं होती। चौधरी साहब ने जो बात कही वह बिल्कुल ठीक है। जब सरकार की किसी एजेंसी के काम में कोई गड़बड़ी होती है तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

SHRI ANNASAHIB P. SHINDE : She should bring to our notice specific instances so that we can take action.

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत: इसी तरह से मैं आपके सामने काटन कारपोरेशन की बात रखना चाहती हूं। आज से कुछ साल पहले लांग स्टैपुल काटन हमने ईरान से मंगाई थी और वह इसलिए मंगाई थी कि हम उससे कपड़ा बनाकर फारेन करेंसी कमा सकें। यह बात अलग है कि हम उससे फारेन करेंसी नहीं कमा सके और वह यहीं के मिल मालिकों को दे दी गई और उस पर उन्होंने अटूट मुनाफा कमाया।

लेकिन, उपसभाध्यक्ष महोदय, जब हमारे मुल्क में उसी तरह का लांग स्टैपल काटन, बरा लक्ष्मी जैसी चीज़ हमारे वैज्ञानिकों ने निकाली जो इजिप्ट और ईरान के लांग स्टैपल काटन के मुकाबले में बहुत अच्छी थी तो उसकी कद्र नहीं हुई, उसको पूरे दाम पर नहीं खरीदा गया और किसानों, जिन्होंने उस पर पूरी मेहनत से पैदावार करके दिखाई उनका दिल टूट गया। बाहर हम रुपया भेजने के लिए राज़ी थे, फारन करेंसी में, लेकिन घर की चीज़ों की कद्र हम नहीं कर पाए। अभी ऐसा हुआ कि जब काटन पैदा हुआ तो उसके दाम एकदम गिर गए। लेकिन आपके काटन कारपोरेशन ने ये पता नहीं किसने ये आंकड़े पेश किए कि इस दफे काटन की इतनी अच्छी फसल हुई है कि उसका कोई खरीदार नहीं है, शायद 72 लाख बेल्स इस साल पैदा होगा इसका मतलब यह हुआ कि उसके भाव गिर गये। ज्यों ही वह रुई किसानों के घर से उठकर व्यापारियों के घर में गई तो आपके आंकड़े आये कि पुराना अंदाज़ गलत निकला, 66 लाख बेल्स ही हुई। फिर भाव ऊंचे चढ़ गये। फिर सरकारी आंकड़े कहते हैं कि वह भी गलती हुई है और 56 लाख बेल्स ही हुआ है। इसलिए रुई की कमी है और विदेश से मंगाएंगे तभी हमारा काम चलेगा। यह किस तरह का सर्वे था, किस तरह के आंकड़े थे, यह हमारी समझ में नहीं आया। उन आंकड़ों के आधार पर किसान डूब गये और आप कह रहे हैं कि हम बाहर से मंगायेंगे।

मैं आपके ज़रिए, माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि ये छोटी-मोटी बातें नहीं हैं, ये देश

के अर्थ-तंत्र पर और लाखों करोड़ों किसानों के ऊपर भयंकर असर डालने वाली चीजें हैं।

तीसरे, मेरा नम्र निवेदन यह है कि खेती में जो चीजें पैदा होती हैं उनके भाव गिरे, लेकिन उनके मुकाबले में इन्हीं चीजों पर जो मैन्यूफैक्चर्ड गुड्स थे उनकी कीमतें कितनी गिरी हैं जरा उनका मुकाबला किया जाए, उनकी तुलना की जाए। उनकी तुलना करते हैं तो हैरानी होती है। जब खेती की चीजों की कीमतें बहुत नीचे गई हैं, वहां मैन्यू-फैक्चर्ड गुड्स की कीमतें या तो कम नहीं हुई हैं या बहुत ही कम हुई हैं। रूई का भाव तो बिल्कुल धरातल पर बैठ गया लेकिन रूई से जो कपड़ा बनकर आता है उसके दाम में कमी नहीं हुई। आजकल ही हमने धोतियों की कीमत बढ़ाई है। पिछले दफे के सेशन में यह तय हुआ था कि कपड़े की कीमतें कम हों; इसलिए एक एक दो दो मीटर के ऊपर व्यापारियों के यहां या कारखानों में छापे लगा दिए जाने चाहिए। अभी 10-15 दिन पहले दिल्ली के बाजारों में छापे लगाने का काम शुरू हुआ, इसलिए कीमतें भी बढ़ाई गई इसलिए कि छापे लगाए जा रहे हैं। क्या छापे लगाने पर इतनी कीमतें बढ़ जाती हैं? यानी इस तरह से आप रियायतें बराबर उनको देते जा रहे हैं। इसी प्रकार जो आइल-सीड्स हैं जिनसे तेल निकलता है, मूंगफली, सरसों, तिल आदि उनके भाव नीचे गिर गए, लेकिन इन्हीं के आधार पर जो वैजिटेबुल आयल बनते हैं उनकी कितनी कीमतें गिरती हैं? आज जो गुजरात सारे मुल्क को मूंग-फली सप्लाई करता है, पैदा करता है, आज उस गुजरात में उनको मूंगफली का तेल नहीं मिल रहा है, राशन कार्ड पर दिलाने का इंतजाम किया गया। यह क्या स्थिति है, क्यों हो रहा है? आपका जो नज़रिया है जो नीति है इंडस्ट्री वालों के लिए और खेती वालों के लिए इसमें इतना फर्क क्यों है? इंडस्ट्री के लिए आपने कई प्रकार की रियायतें दी हैं। जब भी वह कोई मसला लेकर आते हैं और अपनी दिक्कतें रखते हैं तो उनको आप कन्सेशन देते हैं, चाहे सेल्स में, चाहे ऐक्साइज़ ड्यूटी में छूट देते हैं। लेकिन बेचारे किसानों को किसी तरह की आप रियायत नहीं देते हैं। यह बात मेरी समझ में नहीं आती है। इस-लिए शायद आप यह करते हैं क्योंकि हमारा किसान अन-आर्गनाइज्ड है, हमारा किसान इगनोरेंट है, उसके पास कोई लीवर नहीं है जिससे कि वह किसी को दबा सके।

इधर जो इंडस्ट्री वाले हैं उनकी हर मांग पर सरकार झुक जाती है। अभी कल ही अशोक होटल में शक्कर के जो बड़े-बड़े सेठ हैं उनकी कांफेंस हुई तो जगजीवन बाबू ने उनको कुछ डांटा भी और लताड़ा भी लेकिन उससे होता क्या है। आज शक्कर के भाव एकदम बढ़ गए हैं। उनके ऊपर 15 करोड़ रुपए बकाया है। आप सब जानते हैं कि किसान के घर में अगर लगान का 15 रुपया भी बाकी है तो पटवारी कुर्की वगैरह करके वह रुपया वसूल कर लेता है लेकिन 15 करोड़ रुपए आपसे वसूल नहीं किए गए। यह सवाल एक दफ नहीं इस सदन में 25 सौ बार आय है लेकिन उनके ऊपर कोई एक्शन नहीं लिया गया और 15 करोड़ रुपए प ब्याज वे लोग खा रहे हैं। जब तक इ कारखानों को अपने हाथ में नहीं लें तब तक जो शक्कर की समस्या है व सोल्व नहीं हो सकती। अभी महीने भ पहले जब बरसात खिंच गई एक हप 10 दिन पीछे, तो खाने

चीजों के दाम एकदम बढ़ गए। मैं समझ नहीं पा रही हूं कैसे इसके भाव उठ गए। अगर बरसात नहीं होती, अकाल पड़ जाता तो उसके परिणाम भी हमारे देखने में अक्तूबर, नवम्बर तक आते। लेकिन बरसात लेट होने के कारण ही जुलाई, अगस्त में चीजों के दाम बढ़ गए। मैं पूछना चाहती हूं आखिर इनके ऊपर कंट्रोल करने के लिए आपके पास क्या है? यह कंट्रोल आपसे ने क्यों नहीं होता? मैं साफ शब्दों में कहती हूं कि इसका एक ही तरीका है और वह तरीका यह है कि जो खाने की चीजें हैं—चाहे ग्रेन हो, शक्कर हो, चावल हो, आयल हो, रुई हो—सब का व्यापार सरकार अपने हाथ में ले ले। मैं समझती हूं तब इन सब चीजों के भाव घट सकेंगे। मैं तो यह भी कहूंगी कि जो भाव आप मुकर्रर करें वे तीन साल के लिए मुकर्रर करें। गेहूं के भाव तो आप तय करें वह भी तीन साल तक के लिए होने चाहिएं, कोटन के भाव भी तीन साल तक के लिए तय होने चाहिएं। किसान खुद देखेगा कि उसको किसमें फायदा रहता है। मुमकिन है आपको ही फायदा हो जाए। नुकसान भी हो सकता है लेकिन फिर भी उतना नुकसान नहीं होगा जितना आपको बाहर से अन्न मंगाने पर होता है, और अगर होगा भी तो वह आपके ही मुल्क में रहेगा, बाहर नहीं जाएगा।

इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहती हूं कि डिस्ट्रिब्यूशन के लिए एक मजबूत प्रणाली कायम करनी होगी। जो प्रणाली अभी कायम है उसको रेकोग्नाइज किया जाए। जो असेंशियल कोमोडिटीज हैं उनको सरकार अपने हाथ में ले और उनका वितरण करे। इसके अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं रहता। आप चाहे जितना इन लोगों को धमकाएं, चाहे जितना वे आपको एश्योरेंस दें, चाहे जितने भी कानून बनाएं लेकिन होगा यही कि तुम डाल-डाल और मैं पात-पात। इस सब के लिए जरूरी है कि आपको एक ठोस नीति बनानी होगी। अब समय है जब आप इन चीजों को हाथ में ले सकेंगे। पिछला जमाना भी अच्छा गुजरा है और आगे का जमाना भी अच्छा नजर आ रहा है। हमारी खुशकिस्मती है कि हमारे जो कृषि मंत्री हैं वह भी ऐसे हैं कि उनके आने के बाद इसमें जान आ गई है। हम लोगों में भी विश्वास पैदा हुआ कि उनके आते ही कुछ हुआ और भविष्य में भी होता रहेगा।

†[**The Vice-Chairman (Shri Lokanath Misra)** in the Chair.]

उपसभाध्यक्ष जी, मैं ज्यादा वक्त न लेकर मंत्री जी से इतना ही निवेदन करूंगी कि आप छोटा-मोटा इंजेक्शन न लगाइए, छोटी-मोटी दवाएं न बांटिए। इनसे कुछ नहीं होने वाला है। इसका तो आपको बड़ा आपरेशन करना पड़ेगा तभी समस्या सुलझ सकेगी।

श्री देवराज पाटिल (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष जी, मेरे मित्र श्री इन्द्रदीप सिंह ने इस सदन में जो महत्वपूर्ण संकल्प पेश किया है उसके लिए मैं उनको हृदय से धन्यवाद देता हूं। मैं उन माननीय सदस्यों को भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस प्रस्ताव का हृदय से समर्थन किया है और ऐसे भी सदस्य हैं जिनका पहला भाषण इस सदन में हुआ और पहले ही भाषण में उन्होंने इस प्रस्ताव का समर्थन किया और लाखों किसानों की समस्या के बारे में अपने विचार प्रकट किये।

उप-सभाध्यक्ष महोदय, इस प्रस्ताव पर जो विचार प्रकट किए गए हैं जो बातें प्रस्तावक महोदय ने कही हैं

उन मुद्दों को मैं दोहराना या उनकी पुनरावृत्ति करना नहीं चाहता हूं। लेकिन प्रस्ताव में दो तीन बातें प्रमुख रूप से कही गई हैं। पहली बात इस संकल्प में यह कही गई है कि कृषि उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किए जाएं। मेरे ख्याल में मंत्री महोदय भी इस बात से डिफर नहीं करेंगे। सरकार की नीति है कि the farmer should get a remunerative price for his produce. दूसरी उन्होंने यह मांग की है कि कृषि तथा औद्योगिक वस्तुओं के मूल्यों के बीच में समता सुनिश्चित की जाए। तीसरी बात उन्होंने यह कही है कि वस्तुओं का वाणिज्यिक व्यापारिक प्रबन्ध कम करके राज्य व्यापार के जरिए से इसका प्रबन्ध हो। ये सब बातें कई सालों से कही जाती रही हैं। मंत्री महोदय भी सिद्धान्त रूप से इनसे सहमत हो जाते हैं और इन तथ्यों को मान लेते हैं। लेकिन इन बातों पर अमल नहीं होता है। इसलिए यह बात हमारी समझ में नहीं आती है कि ऐसा क्यों होता है। हमारे देश में पूंजी में जो वृद्धि हो रही है उसके 40 प्रतिशत पर बड़े-बड़े पूंजीपतियों का नियंत्रण है। पार्लियामेंट के सब सदस्य और माननीय मंत्री महोदय भी इस राय के होते हुए भी यह बात बनती नहीं है। इसका कारण यह है कि पूंजीवादी अर्थ व्यवस्था का यह नियम है कि ग्रामीण क्षेत्र में उत्पन्न अधिशेष, व्यापार के माध्यम से, जिन्स के परिचालन के माध्यम से और जिन्स के विनियम के माध्यम से खींच लिया जाये। देहातों में जो प्रोडक्शन होती है उसको ये लोग तीन माध्यमों से खींचना चाहते हैं। इनका उद्देश्य होता है कि देहाती क्षेत्रों की चीजों को खींचकर उद्योगों की तरफ लगाया जाए। शहरों का विकास करना ही इनका मुख्य उद्देश्य होता है। इसी सिद्धांत के आधार पर हमारी व्यवस्था चल रही है और हमारी मंडियों का कारोबार भी इसी आधार पर चल रहा है। जब किसान अपनी फसल बेचने के लिए मंडी में आता है तो उससे पूंजीपति कम मूल्य पर खरीद लेता है। हमारे देश के अन्दर बड़े-बड़े ट्रेडर्स और पूंजीपति मंडियों पर अपना कब्जा किए हुए हैं। हमारे देश के अन्दर जमाखोर, मुनाफाखोर और सट्टेबाज लोग किसानों से कम मूल्य पर कृषि जन्य चीजों को खरीद लेते हैं। यह ठीक है कि आज मंडियों के लिए रेगुलेशन भी बने हुए हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि मंडियों के प्राधिकारी और मंडी कमेटियां इन पर नियंत्रण नहीं कर सकती हैं। इन मंडियों पर नियंत्रण बड़े-बड़े पूंजीपतियों द्वारा ही किया जाता है। हमारे देश में हालत यह है कि पूंजीपति लोग कटाई के समय किसान की चीजों के दाम तो कम कर देते हैं लेकिन कंज्यूमर को उन्हीं चीजों को अधिक भाव पर बेचते हैं। इसका असर आज हमारे देश में यह हो रहा है कि एक तरफ तो किसानों को कम मूल्य दिया जाता है लेकिन दूसरी तरफ कंज्यूमर से ज्यादा दाम लिया जाता है। इसका असर हमारे देश में यह भी हो रहा है कि कृषिजन्य वस्तुओं का मूल्य दिन प्रति दिन घटता जा रहा है।

मेरे से पूर्व बोलने वाले कई वक्ताओं ने बताया कि कपास के प्राइसेज नवम्बर में 2 हजार प्रति गांठ थी, आज वही प्राइस 4 हजार हो गई। किसान जो अपनी कृषि उपज मार्केट में लाता है, उसका मूल्य कम हो जाता है। वही उपज जब व्यापारी के पास पहुंचती है, उसके मूल्य बढ़ जाते हैं। यह प्रक्रिया

आज 25 साल से चल रही है। इससे मूल्यों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव होते हैं और कृषि जिंसों में इस तरह का उतार-चढ़ाव सबसे अधिक होता है। कपास का उत्पादन लीजिए। गत नवम्बर में जिस कपास का मूल्य 2 हजार रुपए प्रति गांठ थी आज वह 4 हजार रुपये गांठ हो गई है इस तरह से कपड़ा मिलों के स्वामी, कपास उगाने वाले, गिरणी में काम करने वाले कामगारों, छोटे-छोटे बुनकरों, जिनको धागा चाहिए और वह उपभोक्ता जो कपड़ा खरीदने वाले अभी तक सबका शोषण करते रहे हैं। कपास में अभी भी सट्टेबाजी चल रही है जिसका प्रभाव कपास और कपड़े के मूल्य ढाँचे पर पड़ा है। सरकार की ओर से इसकी पूरी व्यवस्था है, जैसा कि मैंने ऊपर बताया कि किसान का उत्पादन शहरी जनता को उचित दर और नियंत्रित मूल्य में मिले।

दूसरी व्यवस्था है कि इनके पास, किसान के पास जो माल है, रा-मैटीरियल है बराबर नियंत्रित दर से ला कर के मिल वालों को उत्पादन के लिए मिले, लेकिन इसमें किसान को वाजिब मूल्य ही मिले इसकी पर्याप्त व्यवस्था सरकार के पास नहीं है।

औद्योगिक वस्तुओं के मूल्य के बारे में और उसके वितरण के बारे में सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। उद्योगपतियों द्वारा अर्जित किए जाने वाले लाभ को स्वयं निर्धारित करने के लिए कोई खास नए मास कदम नहीं उठाए गए हैं। हमने कई दफा कहा है कि उनका जो मुनाफा है, प्राफिट है उसमें कुछ नियंत्रण आप लगाएं। उद्योग की पूंजी, लाभ और घाटे के संबंध में जांच नहीं की जाती है। कास्ट आडिट उसका नहीं हो सकता है। परिणाम यह होता है कि सामान्य रूप से उन मूल्यों में वृद्धि होती है। ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए दो किस्म की समस्या होती है, इसलिए हमको दो तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, एक तो कृषि उपजाने वाले किसानों और दूसरे उपभोक्ताओं का। पहली समस्या यह है कि कृषि जिन्सों का मूल्य और औद्योगिक जिन्सों का मूल्य में अन्तर हो जाता है और दूसरे कृषक अपने माल को जितने मूल्य पर बेचता है और उपभोक्ता के नाते उस माल को खरीदता है, उसमें बहुत अन्तर होता है। इसलिए कृषि और औद्योगिक उत्पादन मूल्यों में तालमेल की जरूरत है। यह हमारे संकल्प के अन्दर मांग की गई है और उसके बारे में अगर मासवारी बुलेटिन देखी जाए तो खाद्य वस्तुओं के मूल्य में 25 प्रतिशत की कमी हुई है। परन्तु इसी अवधि में औद्योगिक जिन्सों में दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है इसकी पुष्टि उद्योग मंत्रालय ने भी की है।

A review of Ihe price trends by the Ministry of Industry shows that the manufacturers have not kept pace with the downward trend. Whereas the fall in the prices of food articles during the calendar year 1975 has been 11.2 per cent.and that of industrial raw materials 20.6 per cent, the drop in the prices of manufactures was only 1.4 per cent. Sir, if this imbalance is not rectified, the terms of trade between agriculture and industry may be upset.

इसकी पुष्टि एग्रिकल्चर मिनिस्ट्री ने भी की है, दूसरी बुलेटिन में। 1975-76 में खाद्य वस्तुओं के भाव 4-5 प्रतिशत और औद्योगिक कच्चे माल के मूल्यों में 18.5 प्रतिशत की गिरावट आई। किन्तु तैयार शुदा माल के मूल्यों में 6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

इस लिए हमारी मांग यह है कि विवेक सम्मत मूल्य नीति अपनाने की

आवश्यकता है। इसका समर्थन हमारे कामर्स के डिप्टी मिनिस्टर ने डकार कांफ्रेंस में किया था। वहां भी उन्होंने इसकी पुष्टि की थी। यानी, डकार में जो कांफरेन्स हुई उसमें उन्होंने पुष्टि की, लेकिन यहां उसका इम्प्लीमेन्टेशन नहीं होता।

In the United Nations Conference on Trade and Development Mr. V. P. Singh, Deputy Commerce Minister said : in the meeting of third world countries at Dakar that an index for raw materials prices and finished goods prices should be worked out with a view to have a link between the two in which the raw materials will get

fair price. यानी, गवर्नमेंट भी यह बात मानती है लेकिन कच्चे माल के उत्पादन पर और पक्के माल के उत्पादन पर कोई लिंक ड्रा करने की कोई कोशिश नहीं की है।

सरकार की नीति के बारे में हमारे कई सदस्यों ने टीका टिप्पणी की है। मैं अभी, प्रैक्टिकली दो-तीन बातें जो हुईं, उसके बारे में कहूंगा। लोग कहते हैं सरकार की कैसी अजीब नीति है। मूंगफली का तेल लीजिए। पहले मूंगफली निर्यात की गई, अब मूंगफली का तेल आयात किया जा रहा है। क्या भारत में तेल बनाने के कारखाने नहीं थे? गत वर्ष कपास को खरीदने वाला कोई नहीं था और कपास का निर्यात किया गया और अब कपड़ा मिलों के लिए कपास का आयात किया जा रहा है। क्या गए साल वह बफर स्टाक नहीं कर सकते थे? इसी तरह से मूल्य व मुनाफे की नीति बदलने की चेतावनी हमने कई दफा दी कि ये जो उद्योग-पति हैं उनको आप चेतावनी दीजिए। मूल्य और मुनाफे के बारे में चेतावनी दी गई लेकिन वे मानते नहीं और वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए मूल्य और मुनाफे के संबंध में और उद्योग-पतियों की नीति बदलने के संबंध में सरकार स्वयं पुढाकार ले (पहल करे) और कच्चे माल का लाभकारी मूल्य और उपभोक्ताओं के मूल्य निश्चित करे।

अब मूल्य नीति को व्यवस्थित कैसे किया जाए इसके बारे में अपने संकल्प में उन्होंने कहा है कि आज की जो गवर्नमेन्ट की प्राइसिंग पालिसी है वह सिर्फ सपोर्ट प्राइस की है, समर्थन मूल्य की है, और वह भी हर चीज के लिए नहीं है; खाद्यान्नों की कुछ वस्तुओं के लिए, काटन और जूट के बारे में सपोर्ट प्राइस फिक्स करते हैं। उसमें सपोर्ट प्राइस का मतलब यह होना चाहिए—ठीक है, सपोर्ट प्राइस उचित है या नहीं है यह बात छोड़ देता हूं—लेकिन सपोर्ट प्राइस अगर देना है तो यह एश्योर होना चाहिए कि वह सपोर्ट प्राइस किसान को मिले। हर एक मामले में मण्डी में उसको खरीदने की व्यवस्था होनी चाहिए परन्तु वह व्यवस्था होती नहीं इसलिए सपोर्ट प्राइस उनको मिलता नहीं; नतीजा यह होता है कि यह जो सपोर्ट प्राइस गवर्नमेन्ट फिक्स करती है यह सपोर्ट फार्मर नहीं है, यह सपोर्ट ट्रेडर है। मेरा तो अनुभव यह है कि सपोर्ट प्राइस ट्रेडर को सपोर्ट करने के लिए फिक्स की जाती है क्योंकि फार्मर के वस्तुओं को खरीदने की सही मशीनरी उनके पास नहीं है। तो इसलिए दूसरा सुझाव जो उन्होंने दिया है वह बहुत महत्वपूर्ण है—खाद्यान्न के थोक व्यापार का प्रबन्ध ग्रहण करना और सभी वाणिज्यिक फसलों के राज्य व्यापार का विस्तार करना। तो वाणिज्यिक फसलों तथा प्रमुख वस्तुओं के उत्पादन के लिए लाभकारी मूल्य तय किए जाने चाहिएं। ऐसे लाभकारी मूल्य के आधार पर औद्यो-गिक कारखाने के लिए खरीदे माल के न्यूनतम तथा अधिकतम मूल्य तय किए

जाने चाहिएं। कारखाने के लिए जो कच्चा माल लगता है उसकी सप्लाई किए जाने के संबंध में अव्यवहार्य तथा गलत कार्य-प्रणाली को दूर करना चाहिए। मैंने अभी कहा है कि गलत प्रणाली कौन है और अव्यावहारिक प्रणाली कौन है। ये बिचौलिए ट्रेडर्स को हटा देना चाहिए। गवर्नमेन्ट को चाहिए कि डाइ-रेक्ट फार्मर्स से खरीद करे या अपने राज्य व्यापार निगम की मार्फत उनसे खरीद करे और इस अव्यावहारिक गलत प्रणाली को दूर करना चाहिए। बिचौलियों को हटा कर सरकारी तथा गैर सरकारी एजेंसियों के माध्यम से वसूलियों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। धागे के काउंट के आधार पर कपड़े का अधिकतम मूल्य निर्धारित करना चाहिए ... मैं अभी एक मिनट में खत्म कर रहा हूं।

उप सभाध्यक्ष (श्री लोक नाथ मिश्र): पाटिल साहब, आप एक भी मिनट लें लेकिन तकलीफ यह है कि और भी दो मेम्बरों के नाम हैं और आधा घंटा बाकी रह गया है। उसमें भी मिनिस्टर साहब को जवाब देना है। तो इसलिए सब को मौका दिया जाए तब भी पांच-पांच मिनट बोल सकेंगे, अगर मिनिस्टर साहब को वे सुनना चाहेंगे तो।

श्याम लाल जी, आप 5 मिनट ले सकते हैं।

